हिन्दुस्तान

वाराणसी/लखनऊ, मंगलवार, 18,नवम्बर, 2003 4

संक्षिप्त समाचार

## पर्यावरण योजना पर बैठक

वाराणसी। महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र की नवापुरा में हुई बैठक में पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक वानिकी पर कार्यक्रम चलाने की आगामी योजनाएं बनायी गयीं। बैठक में डा.कन्हैया सिंह, डा.पी.पी.पाण्डेय, डा.सुरेन्द्र प्रताप, डा.नारायण समतानी, बी.एल.प्रजापति आदि उपस्थित थे।

वाराणसी जागरण

16 नवम्बर, 2003 दैनिक जागरण वाराणसी

॥ प्रणाम ॥

मार्गशीर्ष कृष्ण 7, विक्रम सम्वत 2060

आज रविवार को अपने शहर में

■ बैठक

महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र की बैठक नवापुरा स्थित कार्यालय में सायंकाल 4 बजे से।

# जियो और जीने दो

विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

6

दैनिक जागरण

वाराणसी, 6 जून 2017

www.jagran.com

## संवासिनियों संग रोपे पौधे



वनिता पब्लिक स्कूल में अनाथ बच्चों संग पौधरोपण करते शिक्षक

वाराणसी : महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र की ओर से सोमवार को वनिता पब्लिक स्कूल में पौधरोपण किया गया। डा. मुक्ता की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि डा. सुधा पांडेय ने काशी अनाथालय की संवासिनियों के साथ मिलकर स्कूल परिसर में औषधीय व मौसमी पौधों की रोपाई की। इस अवसर पर रश्मि केडिया, रानी राम कुमारी, पीयूष श्रीवास्तव, कीर्ति प्रकाश, अशोक सिंह, लाल जी, प्रेम कुमार, रंजना कजारिया, किशोरी श्रीवास्तव, कृष्ण मुरारी आदि उपस्थित थे।

5

# वाराणसी

'बड़े पैमाने पर नौकरियों में कमी हो रही है तथा कृषि और असंगठित क्षेत्र 'खराब स्थिति' में है।'

——— ममता बनर्जी,

वाराणसी। मंगलवार • 6 जून • 2017 | राष्ट्रीय सहारा



राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण करतीं संवासिनियां।

## पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी युवाओं पर

**वाराणसी।** महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र की ओर से सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लहुराबीर स्थित वनिता पब्लिक स्कूल में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर डा. मुक्ता की अध्यक्षता तथा डा. सुधा पाण्डेय प्रचार्या राजकीय महिला पीजी कालेज भदोही ने विद्यालय के प्रांगण में नीम, तुलसी, एलोविरा, हड़जोड़, हल्दी, सदाबहार,करीपत्ता आदि पौधे लगाये। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओ के आगे आना होगा। कार्यक्रम में रश्मि केडिया, रानी राम कुमारी, पीयूष श्रीवास्तव, कीर्ति प्रकाश, अशोक सिंह, लालजी, प्रेम कुमार रंजना कजारिया, किशोरी श्रीवास्तव, कृष्ण मुरारी आदि विद्वत जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन व धन्यवाद ज्ञापन बीएल प्रजापति ने किया।

बदायूं/आसपास

हिन्दुस्तान बरेली • गुरुवार • 15 जून 2017 • 04

# प्रकृति को नष्ट करने से विकास नहीं : डीएम



इस्लामियां इंटर कालेज में बुधवार को डीएम ने पौधा रोपा। हिन्दुस्तान

बदायूं | हिन्दुस्तान संवाद

डीएम अनिता श्रीवास्तव ने हाफिज सिद्दीक इस्लामियां इंटर कॉलेज के मैदान में वृक्षारोपण किया। डीएम ने सभी को पौधारोपण करने का संदेश दिया, साथ ही पौधारोपण से मानव जीवन को जोड़ते हुए भाव विभोर कर दिया।

उन्होंने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्राचीनकाल में हमारे देश भारत सदैव ही वृक्षों की पूजा होती रही है। उस समय से ही प्राणदायिनी गैस मिलती है। आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण देने की हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जीवनदायिनी शक्ति को बचाने के लिए वृक्षों का संरक्षण करना आवश्यक है।

उन्हांने कहा कि सभी तरह के प्रदूषणों से बचाव का एक मात्र उपाय पौधारोपण ही है। डीएम ने कहा कि प्रकृति को नष्ट करने से विकास नहीं होता है, क्योंकि प्रकृति से छेड़छाड़ मानव जीवन के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण से भी महत्वपूर्ण उनका संरक्षण करना है। सीडीओ शेषमणि पाण्डेय, डीआईओएस राकेश कुमार, बीएसए प्रेम चन्द्र यादव, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य खिजर अहमद ने वृक्षारोपण किया।

### पौधरोपण

- डीएम ने इस्लामियां इंटर कालेज में किया पौधरोपण
- पौधरोपण करने के लिए जनजन का दिया संदेश

बदायूं amarujala.com

अमर उजाला | बरेली
बृहस्पतिवार, 15 जून 2017 | 15

## डीएम ने इस्लामियां कॉलेज में किया पौधरोपण



बदायूं। डीएम अनिता श्रीवास्तव ने इस्लामियां इंटर कॉलेज के मैदान में पौधरोपण किया। उन्होंने पौधरोपण से मानव जीवन को जोड़ते हुए कहा कि प्राचीनकाल में हमारे देश भारत में सदैव ही वृक्षों की पूजा होती रही है। उस समय से ही प्राणदायिनी गैस मिलती है। आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण देने की हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जीवनदायिनी शक्ति को बचाने के लिए वृक्षों का संरक्षण करना आवश्यक है। सभी तरह के प्रदूषणों से बचाव का एक मात्र उपाय पौधरोपण ही है। डीएम ने कहा कि प्रकृति को नष्ट करने से विकास नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण से भी महत्वपूर्ण उनका संरक्षण करना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषमणि पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेम चंद्र यादव, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य खिजर अहमद आदि मौजूद रहे।

बदायूं

हिन्दुस्तान बरेली • शुक्रवार • 16 जून 2017 • 08

## संस्था सचिव ने किया पौधरोपण

**बदायूं।** महा पंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र नवापुरा वाराणसी की संस्था सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव द्वारा हाफिज सिद्दीक इस्लामियां इंटर कॉलेज के मैदान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डीएम अनिता श्रीवास्तव, सीडीओ शेषमणि पाण्डेय, डीआईओएस राकेश कुमार, बीएसए प्रेम चन्द्र यादव तथा प्रधानाचार्य मु. खिजर अहमद ने वृक्षारोपण का कार्य किया। डीएम ने कहा कि हम सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए, जिससे हमारा वातावरण साफ और शुद्ध रहे। उन्होंने कहा कि पेड़ो से शुद्ध वायु मिलती है, जिससे हम सब जीवन जीते हैं। हम सबको जीवन बचाने के लिए वृक्षां का संरक्षण करना चाहिए, सभी प्रकार के प्रदूषण से बचाव का एक ही मात्र तरीका पौधारोपण ही है।

युवा बदायूं

अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 16 जून 2017 | 7

## अधिक से अधिक पौधे लगाने को किया प्रेरित

**बदायूं।** महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र नवापुरा वाराणसी की संस्था सचिव डॉ. संगीता श्रीवास्तव ने इस्लामियां इंटर कॉलेज के मैदान पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर डीएम अनिता श्रीवास्तव ने कहा कि पेड़ों से शुद्ध वायु मिलती है, लिहाजा हम सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए, ताकि वातावरण साफ एवं शुद्ध रहे। उन्होंने वृक्षों के संरक्षण पर भी जोर दिया। इस दौरान कई अधिकारी, प्रधानाचार्य, कर्मचारी आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

